ayacut area needs 12.66 tmc and new ayacut area needs 4.97 tmc. For drinking water alone, Karur area in Tamil Nadu requires 0.514 tmc and for industrial purpose 0.492 tmc making it a total of 18.64 tmc per year. The Cauvery Tribunal Order allocates 0.800 tmc water for Kerala from Chengalar project, but they want to construct the new Pattiserry dam to the capacity of 2 tmc. Amaravathi dam fell short of water inflow every year from 1966 to till date. If the Kerala Government builds the new dam, it will affect mainly the sugarcane farmers and other crops in five Districts of Tamil Nadu. Hence, I urge upon the Union Government and the Cauvery Tribunal to intervene to stop the construction of the Pattiserry dam.

SHRI M. SHANMUGAM (Tamil Nadu): Sir, I associate myself with the mention made by the hon. Member.

**Need for inclusion and construction of Banar-Rathkuria-Kharia Khagar road on the National Highways**

**श्री राम नारायण डूडी** (राजस्थान): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक सड़क के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमरे बिलाड़ा, बर्नाड से लेकर गोटन तक की सड़क को नेशनल हाइवे में कन्वर्ट कर दिया जाए, क्योंकि यह बहुत ही लोक महत्व की रोड है। यह डिस्ट्रिक्ट रोड है। इस क्षेत्र के अंदर जे.के. व्हाइट सीमेंट और बिरला व्हाइट सीमेंट की दो बहुत बड़ी-बड़ी फैक्ट्रीज़ आ गई हैं और उनके ट्रकों का हजारों की संख्या में आवागमन रहता है। यह रोड डिस्ट्रिक्ट रोड थी। यह नौ टन भार के हिसाब से बनाई गई थी, लेकिन उस पर अब 18 टन का लोड भी आता है और 40-50 टन के 22-22, 24-24 चक्कों के टोले होते हैं, वे भी इन गांवों में से निकलते हैं। यह सड़क बरसात के दिनों में टूट जाती है और यह सिंगल रोड है। इसलिए मेरा सरकार से निवेदन है कि इसको एमडीआर में या नेशनल हाइवे से जोड़ा जाए। यह रोड आगे जाकर गोटन के पास 89 NH व मेड़ता के पास 79 NH से जुड़ती है। बीच में आने वाले गांवों की बहुत संकरी गलियों में से निकलना पड़ता है। न वहां किसी बाईपास की व्यवस्था है, न कोई और व्यवस्था है और ट्रैफिक जाम भी रहता है। मैं आपके माध्यम से सड़क मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहूंगा कि इस रोड का सर्वे कराएं। केवल 86 किलोमीटर का टुकड़ा है, जिसके जुड़ने से सीधा जयपुर का रास्ता बन जाता है। गोटन से सीधे जोधपुर, जैसलमेर, बाडेर व अहमदाबाद तक जाने के लिए सुविधा हो जाएगी। वह बीच के गांवों में ट्रक Transportation का बहुत लोगों के पास काम है। इस रोड का पब्लिक के लिए बहुत महत्व है।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं स्वयं को इस विषय में संबद्ध करता हूं।